<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में नियंत्रक धर्म सिंह बोनाल को दी भावभीनी विदाई</u>

पंतनगर। दिसम्बर 31, 2022। विश्वविद्यालय के नियंत्रक धर्म सिंह बोनाल आज सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर लेखा परिवार ने सीएबीएम में एक कार्यक्रम में उनको शॉल ओढ़ाकर, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता सीएबीएम डा. आरएस जादौंन ने धर्म सिंह बोनाल के कार्यकाल को बेहद सफल बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशैली से विश्वविद्यालय ने नये आयाम को प्राप्त किया। उप नियंत्रक, डा. जेसी बडोला ने कहा कि नियंत्रक जी की कार्य प्रणाली व स्पष्टवादिता से सभी कार्यों को आसान बनाया। उन्होंने कहा कि उनका व्यक्तित्व एक साधारण रहते हुए विश्वविद्यालय को नयी दिशा देने का कार्य किया। इस अवसर पर हल्द्वानी लेखा हकदारी एवं पेंशन विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के लेखा परिवार के सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेश पंत ने किया।

विश्वविद्यालय की प्रबंधन समिति ने भी नियंत्रक धर्म सिंह बोनाल को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर कुलपति डा. एमएस चौहान ने बोनाल की कार्यप्रणाली की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका कार्य व व्यवहार बेहद शालीन भरा रहा। उन्होंने अपेक्षा की कि आगे भी उनके अनुभवों का लाभ विश्वविद्यालय को मिलता रहेगा। इस अवसर पर कुलसचिव, अधिष्ठाता कृषि, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, निदेशक विधि व निदेशक शोध ने भी बोनाल के कार्यकाल को बेहद प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम का संचालन अपर निदेशक प्रशासन नवनीत पारीख ने किया।

नियंत्रक धर्म सिंह बोनाल को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।